मजबूत सीमेंट की सड़कें पर पोता जा रहा डामर

कायाकल्प के नाम पर सरकारी धन की होली

जबलपुर।

शहर में विकास हो अच्छी बात है लेकिन विकास के नाम पर जनता के टैक्स की गाढ़ी कमाई को पानी में न बहाया जाए। लेकिन इन दिनों शहर में ऐसा ही कुछ हो रहा है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना काया कल्प योजना के तहत मिली राशि से बनी बनाई सीमेंट की सड़कों पर डामर की परत चढ़ाई जा रही है इस पर आम लोगों का खासा आक्रोश और तीव्र प्रतिक्रिया है। जहां हाल ही में 5-6 साल पहले मजदूर सीमेंट की सड़के बनाई गई थी, यह सड़के अभी बहुत अच्छी हालत में थी इसके बावजूद अच्छी खासी सड़कों का डामलीकरण किया जा रहा है ऐसा क्यों किया जा रहा है यह तो शहर के जनप्रतिनिधि ही जाने। फिलहाल सड़कों के निर्माण का श्रेय लेने के लिए सब आगे आ रहे है। जानकारो का कहना है कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना काया कल्प योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की राशि हर जिले के नगरी निकायों को दी गई थी, जिसमें अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाने है। लेकिन इसके नाम पर सिर्फ सड़के बनाई जा रही हैं। शहर में अधिकांश सड़के मजबूत सीमेंटेड मौजूद थी लेकिन उन पर

डामलीकरण कर पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसमें कही न कही ठेकेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधि के काकस पर सवाल उठ रहे हैं। जो सड़के बनाई जा रही है उन पर जानकारों का कहना है कि सीमेंट पर डामर लंबे समय तक नहीं चलेगा। कहने को तीन साल की गारंटी पर यह सड़क बनाई जा रही है लेकिन एक बरसात के बाद इन सड़कों पर गड्ढे उभरना शुरु हो जायेंगे। इसी तरह गलियों में सीमेंट सड़कों पर फिर सीमेंट चढ़ाया जा रहा है। लेकिन कमीशन की उधेड़बुन में किसी को किसी बात से कोई मतलब नहीं है। दरअसल कायाकल्प योजना के तहत हर नगरीय निकाय को 100-100 करोड़ रुपये दिये गये हैं। उसी के पैसे की बंदरबांट करने के लिये उसे पानी की तरह बहाया जा रहा है। यह खेल कमोबेश हर वार्ड में जारी है। हैरानी की बात यह है कि इस खेल से अधिकारी आंख मूंदे हुये हैं।

रातों रात पोत देते हैं डामल

आश्चर्य की बात तो यह है कि वार्डों में कुछ साल पहले बनी सीमेंट की सड़कों पर रातों रात डामल पोत दिया जाता है। यह डामल की सड़कें कई जगह इतनी पतली है कि मजबूत सीमेंटेड सड़क पर डामल की यह पतली लेयर एक नौतपे की गर्मी भी नहीं झेल पाएगी। पहली गर्मी में यह लेयर सतह छोड़ देगी और बारिश में टुकड़ों में उधड़ना शुरु हो जाएगी।

ऐसे होता है खेल.....

बताया जा रहा है कि कायाकल्प योजना के पैसे की बंदरबांट का पूरा खेल पार्षद अनुशंसा, ठेकेदार और अधिकारियों के गठजोड़ में चल रहा है। ठेकेदार पार्षदों को सेट करते हैं, पार्षद अपने वार्ड की किसी सड़क की अनुशंसा करता है। अधिकारी उसे बिना जांचे वर्पआर्डर जारी कर देते है। रातों रात डामल की पतली लेयर सीमेंट की सड़क के ऊपर पोत दी जाती है। तो कही छोटी गलियों में बनी हुई सड़क पर क्रांकीट की लेयर चढ़ा दी जाती है। कुछ दिन बाद अधिकारी सड़कों को जांच में ओके कर देते है। कायाकल्प योजना से पैसा पास हो जाता है। ठेकेदार के खाते में आता है। ठेकेदार, पार्षद और अधिकारी को उसका हिस्सा दे देता है। फिर अगली सड़क चुनी जाती है।

जहां जरूरत वहां बदहाली.....

यह भी सामने आ रहा है कि इस खेल में उन्हीं सीमेंट की सड़कों को चुना जा रहा है, जो मजबूत हो और अच्छी हों। क्योंकि उसके ऊपर दोबारा डामल या सीमेंट की सड़क बनाने दिखावे के मटेरियल में भी काम हो जाएगा। जिससे कमीशन की रकम और बचत दोनों दुगनी होती। इस खेल का नतीजा यह है कि जहां वार्डों की मुख्य सड़कें बार बार बनती चली जा रही हैं। तो अन्दर की सड़कें बदहाली का शिकार हैं।

गलन भरी ठंड से जनजीवन प्रभावित

तापमान में उछाल के बावजूद बर्फीली हवाओं का कहर

जबलपुर। ठंड अपने चरम पर है, इन दिनों गलन भरी ठंड महसूस की जा रही है। दराअसल हिमालय की तराई से आ रही बर्फीली हवाओं से ठंड महसूस की जा रही है। हालांकी दो दिनों के मुकाबले ठंड के तापमान में आंशिक उछाल आई है। जबकी रात का तापमान औसत से दो तापमान नीचे है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी बर्फीली हवाओं के प्रभाव के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोगों को दिन से लेकर रात तक कड़ाके की ठंड का अहसास होगा, लेकिन दिन की तेज धूप की वजह से ठंड से राहत भी मिलेगी। इस वक्त जबलपुर सहित आस-पास के जिले शीतलहर की चपेट में हैं। रविवार को भी 2 से 3 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तरी ठंडी हवाओं ने शीतलहर का अहसास कराया। दिन में हलके बादल छाने के बाद ठंड ने जोर पकड़ा, जबकी दोपहर तक मौसम सामान्य रहा, धूप तीखी लग रही थी। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक-दो दिन तक ऐसी ही ठंडक बनी रहेगी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 88 प्रतिशत और सायंकाल 50प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.51 बजे और सूर्यास्त शाम 5.56 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 24.09 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.06 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। प्रदेश में सबसे कम 5 डिग्री कल्याणपुर (शहडोल)में दर्ज किया गया।

सीनियर सिटीजंस को सम्मान के साथ मिले बेहतर उपचार

सीजीएचएस सलाहकार समिति की बैठक में निर्णय

जबलपुर। सीनियर सिटीजनो के बेहतर इलाज व सम्मान मिले यह हमारा कर्तव्य है। सीजीएचएस, डिस्पेंसरी नं 4 में सलाहकार समिति की बैठक यह बात पदाधिकारियों द्वारा कही गई। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी न 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत की अध्यक्षता में नगर के वरिष्ठ नागरिकों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ सलाहकार समिति की मासिक बैठक डिस्पेंसरी ने 4 हेड पोस्ट ऑफिस परिसर जबलपुर में आयोजित हुई। वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर के सलाहकार प्रतिनिधि अनिल शुक्ला ने नवागत डॉ आर पी रावत, एडिशनल डायरेक्टर व डिस्पेंसरी-4 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का सबकी ओर से अभिनन्दन करते हुए सीनियर सिटीजनों के इलाज व सम्मान में विशेष सहयोग का आग्रह किया। डॉ. रावत ने हर्ष प्रकट करते हुए बैठक में उपस्थित अरविंद पटेल बेनिफिसरी वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, मदन गोपाल शर्मा त्रिपुरी वरिष्ठ नागरिक महासंघ, अनिल शुक्ला, वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर, दिलीप कुंडे वरिष्ठ नागरिक परिषद कटनी, अर्जुन सिंह भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के एडवाइजरी कमेटी के मेम्बर्स का परिचयात्मक स्वागत किया। मीटिंग में प्रतिनिधियों द्वारा सीजीएचएस लाभार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर बेहतर इलाज हेतु सुझावों पर विचार विमर्श हुआ और उचित निर्णय लिए गए। अरविंद पटेल ने कहा कि बैठक में लिए गए निर्णय के कार्यवृत प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए जाएं ताकि अगली मीटिंग में उसकी समीक्षा हो सके। एडिशनल डायरेक्टर व प्रभारी अधिकारी डॉ. रावत ने कहा कि वरिष्ठ जन हमारे परिवार जैसे है उनका सम्मान और बेहतर से बेहतर इलाज करना डॉक्टरों का परम कर्तव्य है। उपस्थित प्रतिनिधियों ने डॉक्टरों व स्टाफ के व्यवहार व सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मेडिसिन आपूर्तिकर्ता के प्रतिनिधि आशीष ठाकुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक के अंत में प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

रूपेश सिंघई होंगे सिहोरा के नये एसडीएम

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के परिपालन में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सिहोरा सुश्री अर्चना कुमारी को उनके नवीन पदस्थापना स्थल अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शुजालपुर के लिए भारमुक्त किया है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने डिप्टी कलेक्टर रूपेश सिंघाई को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सिहोरा में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के रूप पदस्थ किया है।साथ ही उन्हें विधानसभा क्षेत्र 102 के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी नियुक्त किया है।

सहकारी समिति पदाधिकारियों पर मामला दर्ज

लेऑउट में फेर बदल कर बेच दिये प्लाट

जबलपुर।

जबलपुर ईओडब्ल्यू टीम ने जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जरजोला नरसिंहपुर के पदाधिकारियों के विरूद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने प्राथमिकी पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। समिति के पदाधिकारियों पर समिति के निर्माण कार्य में अनिमितता कर प्लाट विक्रय में धोखाधड़ी करने की शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई थी। शिकायत में तत्कालीन अध्यक्ष गीता वर्मा जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, विजय कुमार शुक्ला तत्कालीन संचालक जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित एवं लक्ष्मण प्रसाद गोहल सदस्य जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जरजोला द्वारा धोखाधड़ी करने का उल्लेख किया गया है। ईओडब्ल्यू एसपी आरडी भारद्धाज ने बताया कि शासन की अनुमति प्राप्त किए बिना ही प्लाटों का विक्रय करने की शिकायत में बताया कि शासन के नियमानुसार ईडब्लूएस के सदस्यों हेतु संरक्षित भूमि का अधिपत्य कलेक्टर को न सौंपकर उक्त भूमि पर बगैर अनुमति के प्लाट विक्रय करके लाखों रुपए का गबन किया गया है। गीता वर्मा के द्वारा बिना अधिकारिता के तत्कालीन अध्यक्ष की हैसियत से समिति के बैंक खाते से स्वयं राशि आहरित की गई, जो बाद में उनके द्वारा जमा की गई, जिसके आधार पर विभागीय जांच में उन्हें दोषी पाकर दंडित किया जा चुका है। सोसायटी के द्वारा अलग-अलग 3 लेआउट नक्से तैयार किए गए, जिनकी प्लानिंग अलग-अलग हैं। नियमानुसार इसमें नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से स्वीकृत नहीं कराई गई और लेआउट में फेरबदल करके प्लाटों की बिक्री की गई है। लेआउट में दर्शित ईडब्लूएस के लिए आरक्षित 19600 वर्ग फुट भूमि का अधिपत्तय कलेक्टर को नहीं दिया गया। तीसरे लेआउट में इस आरक्षित भूमि पर भूखंड क्रमांक 44 से 59 तक बनाकर विक्रय किया जाना भी पाया गया है।

जांच रिपोर्ट में नियमों का उल्लंघन

जांचकर्ता अधिकारी डीके श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट दिनांक 09.08.2010 में उल्लेखित किया गया है कि गीता वर्मा के द्वारा प्रभारी शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक शाखा नरसिंहपुर एवं अध्यक्ष जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति के द्वारा समिति के नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना अधिकारिता के समिति के बैंक खाते से अनेक बार राशि आहरित की गई और इस आहरण को बैंक शाखा प्रबंधक की हैसियत से स्वयं ही स्वीकृत किया गया था।

साल 1990 में हुआ था संस्था का पंजीयन

जांच-पड़ताल में संस्था का सन 1990 में पंजीयन किया जाना पाया गया है, जिसमें अनावेदक लक्ष्मण प्रसाद गोहल संस्था के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वर्ष 2012 में संस्था की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में गोहल को सर्व संमति से प्राथमिक सदस्यता से निष्काषित कर दिया गया था। साल 2012 में नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर द्वारा 130000 वर्ग फुट जमीन 14.70 रुपए प्रति वर्गफुट के मान से विकास कर जमा करने के लिए कहा गया था।

रादुविवि को मिले दो नये कार्यपरिषद सदस्य

जबलपुर। लम्बे समय से खाली रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दो कार्यपरिषद सदस्य पद पर नियुक्ति कर दी गई। रिक्त जिसमें एक पर पूर्व युवा मोर्चा के पदाधिकारी व दूसरे पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में समाज शास्त्र विभाग की आचार्य की नियुक्ति की गई है। इस तरह कुलाधिपति द्वारा नियुक्ति किए जाने वाले 6 ईसी मेंबर्स की सीट फुल हो गई है। अब केवल विश्वविद्यालय के डीन पद से बनने वाले ईसी मेंबर्स के दो पद रिक्त बचे हैं। जिसके लिए कुलपति द्वारा नाम राजभवन को भेजे जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक अनुसूचित जनजाति वर्ग कोटे से डॉ. अनिता धुर्वे, आचार्य समाज शास्त्र विभाग बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को रादुविवि का ईसी मेंबर बनाया गया है। इसी प्रकार युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी चन्द्रशेखर पटेल को अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे से ईसी मेंबर बनाया गया है। यह नियुक्तियां 24 जनवरी 2027 तक के लिए की गई है। बताया जाता है कि नंबवर माह में ईसी मेंबर रहे पंकज टेकाम और सीमा पटेल का कार्यकाल पूरा हो गया था। जिसके बाद से उक्त दोनों पद खाली चले आ रहे थे। वहीं डीन कोटे से रिक्त 2 पदों के लिए आरडीयू की ओर से पूर्व कुलपति प्रियव्रत शुक्ल व एक अन्य प्रोफेसर का नाम भेजा गया है।

सड़क नहीं बनने पर ग्रामसभा की बैठक में हुआ हंगामा

जबलपुर।

मझौली थानांतर्गत ग्राम पंचायत पटोरी में ग्राम सभा की मीटिंग के दौरान एक व्यक्ति ने अपने क्षेत्र की सड़क नहीं बनने पर सचिव व ग्राम सभा के सदस्यों से गालीगलौज कर झूमाझटकी कर शासकीय दस्तावेज छीनने का प्रयास किया। आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने व धमकाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अभिरक्षा में लिया गया। मझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पटोरी मझौली में श्रीमती माया तिवारी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कल दोपहर लगभग 1 बजे सचिव श्रीमती माया तिवारी अपने कार्यालय में रोजगार सहायक सुनील मिश्रा, मनोज शुक्ला, सरपंच ब्रजेश साहू के साथ ग्राम सभा की मीटिंग ले रही थी। तभी पटोरी निवासी अनिल सेन कार्यालय की मीटिंग में आया और बोला कि मेरे यहां की रोड क्यों नहीं बन रही है। सचिव ने कहा कि रोड अभी स्वीकृत नहीं हुई है, इस बात पर अनिल सेन बिफर गया और गालीगलौज करने लगा। मना करने पर ग्राम सभा का रजिस्टर उठा कर ले जाने लगा। रोकने पर अनिल सेन ने सचिव व स्टाफ से झूमझटकी की। बाद में आरोपी अनिल सेन जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

एनसीसी सर्टिफिकेट परीक्षा में दिनभर भूखे रहे बच्चे

जबलपुर। एनसीसी नेवी जूनियर ए सर्टिफिकेट की परीक्षा रविवार को गोरखपुर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित की गई। यहां परीक्षा में लगभग 227 बच्चे शामिल हुये। हालांकी यहां व्यवस्था को लेकर सवाल उठा, बच्चे सुबह 06 से शाम 5 बजे तक परीक्षा के लिये रोके गये लेकिन उनके खाने पीने का कोई प्रबंधन नहीं किया। वहीं आरोप यह भी लगे की खुले आसमान के नीचे कड़कड़ाती ठंड में घंटों तक बच्चों को बिना किसी वजह खड़ा रखा गया। कुछ अभिभावकों ने मामले की जांच की मांग की है। बच्चों को स्व अल्पहार देने की व्यवस्था नहीं की गई, जबकी एनसीसी में नियम है कि सर्टिफिकेट परीक्षा के दौरान सरकार द्वारा बच्चों के स्व अल्पहार की व्यवस्था की जाता है। लेकिन यहां बच्चे सुबह 06 बजे से शाम पांच बजे तक भूखे प्यासे परीक्षा में लगे रहे। बच्चे अपने साथ पैसे भी लेकर नहीं गये थे, जिससे बाजार से खरीद कर स्व अल्पहार कर सके। यूनिट प्रभारी पर लापरवाही करने के आरोप लगाए जा रहे है।

आयुध निर्माणियों में मान्यता चुनाव हथौड़ा ने जीता

एनपीएस और निगमीकरण के खिलाफ आंदोलन को मिला समर्थन

जबलपुर। आयुध निर्माणियों में कार्यरत यूनियनों की सदस्यता सत्यापन चुनाव में लाल झंडा यूनियन पर सभी ने भरोसा जताया, लाल झंडा (हथौड़ा छाप) के पक्ष में सभी आयुध निर्माणियों के परिणाम गये। ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया में लगभग 917 वोट गन कैरेज फैक्ट्री में 554 वोट व्हीकल फैक्ट्री में 373 वोट ग्रे आयरन फाउंड्री में 189 वोट लेकर सभी अपनी-अपनी निर्माणी में अब्बल रह। इसी तरह पूरे 41 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में एआईडीईएफ सबसे अग्रणी साबित हुआ जिसे 16091 मत आईएनटीयूसी को 10249 बीपीएमएस को 9985 से संतोष करना पड़ा कर्मचारी जगत द्वारा पूर्ण रूप से लाल झंडे के प्रति विश्वास दिखाया ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक जी परिणाम आने के पश्चात जीसीएफ के मुख्य द्वार पर उपस्थित हुए जहां सभी कर्मचारियों को

एआईडीईएफ पर भरोसा जताने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा यह जीत कर्मचारियों का है कर्मचारियों ने जो भरोसा हमारे फेडरेशन पर जताया है उस पर खड़े उतारने का प्रयास करेंगे और आने वाले समय में एनपीएस और निगमीकरण के खिलाफ और आंदोलन तेज करेंगे जीसीएफ के मुख्य द्वार से विजय जुलूस निकाला गया विजय जुलूस में मजदूर संघ हथोड़ा के सभी पदाधिकारी के साथ विजय चौहान हेमराज मीणा राजेश शर्मा सुरेश जाटव श्याम जी गुप्ता अमरदेव विवेक शुक्ला सैकत बनर्जी नितिन फिटिंग अबरार दीप विश्वकर्मा रविकांत सागर कनौजिया देवेंद्र निखिल विनोदिया राजू सुदित रूपेश सोनू कृष्णा रुपेश अमित शाह आशीष गोपी बाबूलाल भूपेंद्र रजक इत्यादि सैकड़ो कर्मचारी जुलूस में शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

लोकसभा कलस्टर प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया संबोधित

जबलपुर। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु जबलपुर कलस्टर प्रभारी ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में जबलपुर लोकसभा अंतर्गत जिला कोर कमेटी, सभी विधानसभाओं की कोर कमेटी व प्रभारी, संयोजकों की बैठक संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने संगठन की आगामी कार्ययोजना व लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की, साथ ही चुनाव हेतु समितियों के गठन पर चर्चा की। मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व को देश ही नहीं दुनिया भी मानने लगी है, 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में पुन केंद्र में हमारी सरकार बनना तय है और किसी भी चुनाव को टीम वर्प से ही लड़ा जाता है हमारे पास

नीति है, नियत है और नेतृत्व है बस हमे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक तरह से करते हुए लोगो तक सरकार की योजना और संगठन के कार्यों को पहुंचाना है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोंटिया, नंदनी मरावी, विनोद मिश्रा, शिव पटेल, रजनीश यादव, राजकुमार पटेल, राजेश दाहिया, नंदकुमार यादव, जयकांत उपाध्याय, राजीव बेंटिया, शंकर श्रीवास्तव, आशीष पटेल आदि उपस्थित थे।

शहर कांग्रेस में परिवर्तन की उठने लगी बयार, युवा नेताओं को सौंपी जाए कमान

आंदोलन तो दूर कार्यकारिणी तक घोषित नहीं कर पाए अध्यक्ष

हरिभूमि,जबलपुर।

हमें तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था। फिल्म दिलवाले का यह डायलॉग इन दिनों शहर कांग्रेस पर सटीक बैठ रहा है। दरअसल शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को दो वर्ष बीत गए परंतु आज दिनांक तक न सिर्फ वह कोई बड़ा आंदोलन करने में सफल हो पाए बल्कि अपनी कार्यकारिणी तक घोषित नहीं कर पाए है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेसजनों में अब प्रदेश नेतृत्व की तर्ज पर शहर कांग्रेस में भी बदलाव की बयार उठने लगी है। समर्पित पार्टीजनों का दो टूक कहना है कि अब युवाओं के हाथों में कमान सौंपी जानी चाहिए ताकि हाशिए पर चल रही कांग्रेस धरातल में पुनः जीवित हो सकें।

पटवारी की नियुक्ति से बड़ी उम्मीद

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रीय नेताओं ने स्वतः संज्ञान लेकर कमलनाथ से प्रदेश अध्यक्ष का ताज छीनकर पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को कमान सौंपी है। पूर्व मंत्री पटवारी इससे पहले युवक कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके है और उनके कार्यकाल में यूथ कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में कई बड़े आंदोलन किए थे। जिसकी राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी सराहना की थी। अब पुनः पटवारी की वापसी से युवाओं में उम्मीद जाग गई है।

उर्जावान को मिलनी चाहिए कमान

60-65 की उम्र पार कर चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी इस बात पर जोर दे रहे है कि अब वाकई उर्जावान युवा नेताओं को शहर कांग्रेस की कमान सौंपी जानी चाहिए ताकि कांग्रेस के प्रति आम लोगों की भ्रांतिया दूर हो सकें बल्कि महंगाई, बेरोजगारी, अपराध जैसे मुद्दो को भुना सकें। युवक कांग्रेस के पहले लोकसभा अध्यक्ष रहे रत्नेश अवस्थी, एनएसयूआई से शुरूआत करने वाले एमआईसी मेंबर अमरीश मिश्रा, शशांक दुबे यह वह उर्जावान चेहरे है जिनको कमान मिलने पर कांग्रेस पुनः जीवित हो सकती है।

दो वर्ष में नहीं कोई उपलब्धि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू को उस समय अध्यक्ष बनाया गया था जब लगातार 11 वर्षों तक अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके दिनेश यादव स्वयं ही पद छोड़ने का मन बना चुके थे एवं प्रदेश नेतृत्व को अवगत भी करा चुके थे। महापौर होने के बाद भी अन्नू सिंह के नाम पर पार्टी के लिये दो वर्ष में कोई उपलब्धि नहीं है। खाटी कांग्रेसी भी कहने लगे हैं, कि महापौर बनने के बाद उनके पास पार्टी के लिये समय नहीं है। यही कारण रहा कि उनके नेतृत्व में कोई भी बड़ा जनआंदोलन नहीं हो सका। उसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को भुगतना पड़ा। अगर यही हालात रहे तो लोकसभा में भी पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

यूपी पीएससी पास कर वापस लौटी बिटिया का हुआ भव्य स्वागत

यह मेरी नहीं सम्पूर्ण सिहोरा की सफलता: शैवी

सिहोरा। सिहोरा निवासी शैवी दुबे के जेल सुप्रिडेंट के पद पर चयनित होने से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है । रविवार को उनके नगर आगमन पर गणमान्य नागरिकों के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा शाल गुलदस्ता देकर फूल मालाओं से बाबाताल मन्दिर प्रांगण में आतिशबाजी कर सम्मानित किया गया। बताते चले शैवी पिता शैलेन्द्र दुबे माता अनीता दुबे की बिटिया के सम्मान समारोह में अनेकों लोगों ने शिरकत कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जेल सुपरिटेंडेंट के पद पर चयनित हुई नगर की बेटी शैवी दुबे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे शहर में रहकर एक सपना देखा था जो मेहनत एंव परिवार के योगदान बड़े बुजुर्गो के आर्शीवाद से साकार हुआ है । पूरे भारत से लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 4 लाख बच्चे बैठे थे जिसमें से मेंस के लिए चार हजार बच्चों का सिलेक्शन हुआ इसमें से 450 बच्चों का इंटरव्यू हुआ जिसमें 187 सिलेक्ट हुए जिसमें यूपी पीएससी से 35 वीं रैंक हांसिल कर मेरी जेल सुपरिटेंडेंट के पद पर नियुक्ति हुई मुझे मिली यह सफलता मेरी बस नहीं बल्कि सम्पूर्ण सिहोरा है। आगे जो भी नगर के बच्चे सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहते है मैं उसे पूरा सहयोग करुंगी मेरी सफलता तभी पूरी होगी जब अधिक से अधिक बच्चे इस परीक्षा में पास हो। पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने कहा इससे बड़ी सफलता नगर के बच्चों के लिए नहीं हो सकती यह सब माता पिता द्वारा किए गए त्याग तपस्या का नतीजा है। पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्हरिया ने कहा की यूपीएससी में परीक्षा पास कर पहली बार सिहोरा की बेटी ने यह स्थान मध्यप्रदेश को दिलाया जीवन में कत्तर्व्य पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए फल भगवान देते है ।अशोक उपाध्याय प्राचार्य सीएम राइज ने कहा कि शैवी ने नगर एंव ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित किया है। सीएम राइस स्कूल में भी बिटिया का सम्मान करेंगे जिससे वहां अध्यनरत बच्चों को प्रेरणा मिल सके। इसके पहले शैवी खुली कार में बाबाताल पहुंची जहां आतिशबाजी एंव ढोल नगाड़े के साथ लोगों ने माला पहनाकर बिटिया के साथ उनके पिता शैलेन्द्र दुबे, माता अनीता दुबे का भी स्वागत किया। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जिला पंचायत सदस्य अंजली पांडे सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे संचालन शिक्षक सुरेन्द्र तिवारी ने किया।

ग्रामीणों ने लहराया शान से तिरंगा

सिहोरा। शासकीय प्राथमिक शाला भिटौनी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन रामेश्वर पाल के मुख्य आतिथ्य,संदीप व्यौहार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका श्रीमती निधि तिवारी,श्रीमती अंजुम परवीन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।समारोह का संचालन जगदेव प्रसाद पटेल ने किया।

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विधायक संतोष बरकड़े के मुख्यातिथ्य, डॉ आनंद मोहन जैन,अनुपम सराफ,राजेश दाहिया,शिशिर पांडे,श्रीमती अंजना सराफ,विनय जैन,प्राचार्य बिनोद गर्ग,माधव मिश्रा की उपस्थिति में किया गया।

ग्रांम पंचायत घुटना में ध्वजारोहण

शासकीय एकीकृत विद्यालय घुटना एवं कार्यालय ग्राम पंचायत में ध्याजारोहण सरपंच के के दुबे द्वारा किया गया तथा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह की मुख्य अतिथि चतुर बाई साहू,विशिष्ट अतिथि बद्री प्रसाद दुबे थे।इस अवसर पर प्रकाश दूबे, उपसरपंच जागेश्वर साहू,पूरन लाल दुबे,द्वारका दुबे,शिक्षक एनपी शर्मा,मनोज पटवा सहित सभी पंच,एंव ग्रामवासी उपस्थित थे।

बालक छात्रावास में आयोजन

नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के द्वारा बालक छात्रावास केंद्र खितौला में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया तथा समिति द्वारा छात्रावास के बालकों के लिए खेलकूद सामग्री दी गई। इस अवसर पर छात्रावास प्रबंधक जितेन्द्र कोरी,नगर विकास प्रस्फुटन समिति क्रमांक 1 व 2 के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संयोजन प्रस्फुटन समिति की सदस्य कल्पना कुशवाहा ने किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुषमा कचुंली,उपाध्यक्ष सारिका साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल

शालेम इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में ध्वजारोहण डायरेक्टर एम भास्करन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मार्च पास्ट से हुआ। प्रोग्राम का संचालन संस्कृति पटेल एवं आर्या शुक्ला ने किया। शाला के प्राचार्या श्रीमति गिरिजा भास्करन ने बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवी एवम बारवीं में 90 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त किए हुए 37 स्टूडेंट्स को पुरुस्कृत किया गया।

कक्षा 12 वी में स्टेट मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले देव कुमार चौरसिया एवम कक्षा 10वी में स्टेट मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त वंशिका जैन को पुरुस्कृत कर 15000 रुपए की राशि प्रदान की गई एवम जिला स्तरीय मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त पावनी गुप्ता को 10000 रुपए की राशि प्रदान की गई। साथ साथ कक्षा पांचवी और आठवीं में सिहोरा में प्रथम स्थान प्राप्त वैदिक नायक एवं अदिति उपाध्याय को पुरुस्कृत किया गया। कार्यकम में शाला के शिक्षकों ने स्टूडेंट्स द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां तैयार कराई। कार्यक्रम शाला के मैनेजर भाग्या भास्करन के नेतृत्व में कराया गया।

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक रघुराज राजेन्द्रन व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने वर्ष 2022-23 में सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन काम्पलेक्स के लिए सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को चलित शील्ड व 3 लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे।सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए वर्ष 2022-23 का पुरस्कार संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के विद्युत गृह क्रमांक तीन प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में बिरसिंगपुर के विद्युत गृह क्रमांक तीन को चलित शील्ड व 2 लाख रूपए प्रदान किए गए। वर्ष 2022-23 में जल विद्युत गृहों में मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह शविपुरी को सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए चलित शील्ड व 1 लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2022-23 में सर्वश्रेष्ठ अग्निवशमन सेवाओं हेतु सर्वोत्तम अग्निाशमन दल का अवार्ड संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर को प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में चलित शील्ड व 10 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई।

लोधी महासभा के परिचय सम्मेलन में शामिल हुए 500 विवाह योग्य युवक-युवती

जबलपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोधी महासभा जबलपुर द्वारा आर्या रिसोर्ट मैरिज गार्डन में युवक- युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह 28 जनवरी 2024 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल एवं राज्यमंत्री मप्र शासन धर्मेंद्र लोधी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बरगी प्रतिभा सिंह भी उपस्थित रहीं।

लोधी महासभा के कार्यकारी सदस्यों में राजकुमार पटेल कार्यकारी आयोजन समिति अध्यक्ष एड एम के सुलासे, ग्रामीण अध्यक्ष एड़ शिवकुमार पटेल, एस. एस. राजपूत, बी.एस. पटेल छोटेसिंह ठाकुर, बिरजू ठाकुर, जनक पटेल, भारत भूषण पटेल, बोहत सिंह (बशी) पटेल, रंजीत सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर ओंकार पटेल, बालकिशन पटेल, अतुल पटेल, एवं ग्रामीण समिति से जगदीश पटल, किरण पटेल, सुनीता लोधी एवं हजारों की संख्या में कई जिलों से स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे एवं 500 जोड़े विवाह योग्य युवक-युवती उपस्थित हुए।

मैं रहूं या न रहूं भारत रहना चाहिए

जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एशोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत पाल की अध्यक्षता और प्रो. गायत्री सिन्हा जी के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह एमडी बंगाली शाला में धूमधाम से मनाया गया। रानी लक्ष्मी बाई पर आधारित प्रसंग ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आयो रे आयो शुभ दिन आयो रे... पर छात्राओं द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रकाश साहा, एनएन मुखर्जी, डीके रॉय, सुरोजित गुहा संस्था के अन्य सदस्यगण एवं शाला प्राचार्या मीना थियोडोर उपस्थित थे। संचालन अपोलिना टिर्के ने किया।

ज्ञान व्यापी की जगह ज्ञान बाड़ी नाम रहा होगा : दंडी स्वामी कालिकानंद

जबलपुर। श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर के संस्थापक, संचालक श्री दंडी स्वामी कालिकानंद जी सरस्वती स्वामी प्यारेनंद जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञान व्यापी मस्जिद जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी हुई है ज्ञान व्यापी की जो सर्वे रिपोर्ट आयी है जिसमें मंदिर के प्रमाण मिले हैं, रिपोर्ट के अनुसार जब बनारस के पास कालीबाड़ी है तो ज्ञान व्यापी का नाम ज्ञान बाड़ी रहा होगा, पूज्य गुरुदेव महाराज ने पुरातत्व विभाग के सभी वैज्ञानिकों ने मेहनत करके जो मंदिर होने के साक्ष्य एकत्रित किए हैं सभी वैज्ञानिकों को आशीर्वाद देते हुए बधाई दी।

राकेश गुप्ता बने वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष

जबलपुर। प्रदेश महामंत्री संदेश जैन की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष श्री एवं पूर्व केबिनेट मंत्री उमाशंकर गुप्ता जी ने कसौधन वैश्य समाज जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता को वैश्य महासम्मेलन जबलपुर का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के जबलपुर जिला प्रभारी रामजी अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संतोष सोमानी, जीतेन्द्र देव गुप्ता, अमित गुप्ता, अतुल चौरसिया, ज्योति जैन आभा जैन एवं अन्य वैश्य समाजों के अध्यक्षों ने राकेश गुप्ता को बधाईयाँ दी।

सांकेतिक धरना व प्रदर्शन

कछपुरा माल गोदाम को अन्य जगह स्थानांतरित करने की मांग

जबलपुर। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमरीश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि कछपुरा माल गोदाम में खनिज पदार्थ का जैसे ब्लू डस्ट आयरन ओर सीमेंट के भारी भारी वाहनों से आवागमन होता है जिसके कारण कछपुरा से लेकर विजयनगर दीनदयाल चौक तक डंपर एवं ट्रकों की धमाचौकड़ी बनी रहती है, कांग्रेस द्वारा कछपुरा माल गोदाम को अन्य जगह स्थानांतरित करने की मांग लगातार की जा रही है 28 जनवरी को इसी मुद्दे पर कछपुरा रेलवे फाटक के समीप कमला नेहरू वार्ड एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सांकेतिक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं द्वारा कहा गया कि कछपुरा माल गोदाम के आसपास 5000 से ज्यादा नागरिक निवासरत हैं, वहीं दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनी के लोग दीनदयाल चौक से विजयनगर कछपुरा तक प्रतिदिन आवागमन करते हैं, ब्लू डस्ट आयरन ओर और सीमेंट की उड़ती धूल के कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर हो रहा है, वहीं बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण आम जनता की जान-माल के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बनकर देख रहा है जिसको अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अब जब तक माल गोदाम को अन्य जगह स्थानांतरित नहीं किया जाता लगातार आंदोलन प्रदर्शन किए जाएंगे। आज आयोजित विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमरीश मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि पटेल, नन्हे पटेल, शिशिर नन्होरिया, सचिन बाजपेई, पियूष सन मेवा लाल पटेल, जगदीश विश्वकर्मा, जगदीश प्रसाद जायसवाल, दीपक सिंह, रवि यादव, संतोष विश्वकर्मा, नीरज जैन, सत्तू ठाकुर, अनुराग तिवारी, नितेश गुप्ता, दीपू गोस्वामी, विपिन बर्मन, सतीश शर्मा, अरविंद पटेल, जितेश यादव सहित दोनों वार्डो के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शासकीय प्राध्यापक संघ द्वारा कुलपति डॉ. भलावी का सम्मान

जबलपुर। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा प्रसिद्ध इतिहासविद् डॉ. लीला भलावी, कुलपति, शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा का 42 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष, प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर एवं डॉ.टी.आर.नायडू अध्यक्ष, जबलपुर ने पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया ई प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि आप बहुत सरल, सहज व्यवहार एवं कुशल प्रशासक के रूप में जानी -मानी जाती हैं ल इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ.राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश श्यामकुवर के साथ अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

निधन

श्रीमती प्रेमवती साहू- अवधुपरी कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी श्रीमती प्रेमवती साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुश्री महेन्दर कौर- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री दीदार सिंह की पुत्री सुश्री महेन्दर कौर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रानी ठाकुर- पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अम्बिका ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रानी ठाकुर (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेंद्र प्रसाद तिवारी- पोलीपाथर निवासी श्री सुरेंद्र प्रसाद तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री भूपेंद्र कुमार दुबे- पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी श्री भूपेंद्र कुमार दुबे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती हीरा बाई ठाकुर- महेशपुर मदनमहल निवासी श्री दुर्गा सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई ठाकुर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती शिवदुलारी सिंह- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री श्मशेर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शिवदुलारी सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राधेश्याम अग्रवाल- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री राधेश्याम अग्रवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री दालचंद रोहरा- कृष्णा कॉलोनी धोबीघाट भोंगाद्वार निवासी श्री दालचंद रोहरा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मीना वाधवानी- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री चैनराम वाधवानी की धर्मपत्नी श्रीमती मीना वाधवानी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मंगल दत्त मिश्रा- गोरखपुर निवासी श्री मंगल दत्त मिश्रा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उर्मिला सिंह- इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जीवन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला सिंह (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती सुकंतो बाई- लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री छिदामी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुकंतो बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री माधव प्रसाद सोंधिया- लालमाटी चांदमारी तलैया टेस्टिंग रोड निवासी श्री माधव प्रसाद सोंधिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बीना जायसवाल- गोल बाजार निवासी डॉ. महेश प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती बीना जायसवाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नरेंद्र कुमार गुप्ता- विजयनगर सीबीआई आफिस के पास निवासी श्री नरेंद्र कुमार गुप्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

ईवीएम मशीनों की एफएलसी की कार्यवाही हेतु ड्यूटी आदेश जारी

कटनी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, कलेक्टर कार्यालय के पीछे, स्थित ईवीएम वेयर हाउस में 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होने वाले ईवीएम मशीनों की एफ एल सी की कार्यवाही हेतु जिले के 24 शासकीय सेवकों की ड्यूटी आदेश जारी कर कार्य समाप्ति तक तत्काल प्रभाव से ड्यूटी लगायी गई है। उल्लेखनीय है की लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में उपलब्ध ईवीएम मशीनों की एफएलसी (प्रथम स्तरीय चौकिंग) बेल बेंगलुरू के इंजीनियर्स द्वारा 29 जनवरी से प्रारम्भ की जाकर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से एफएलसी कार्य समाप्ति तक प्रकियाधीन रहेगी।

सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र

कटनी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम मशीनों की एफएलसी के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, कलेक्टर कार्यालय के पीछे स्थित ईवीएम वेयर हाउस में 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध कराने का लेख किया है। विदित हो की आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में उपलब्ध ईवीएम मशीनों की एफएलसी (प्रथम स्तरीय चौकिंग) बेल बेंगलुरू के इंजीनियर्स द्वारा 29 जनवरी से प्रारम्भ की जा रही है यह कार्य प्रतिदिन प्रातः11 बजे से एफएलसी कार्य समाप्ति तक प्रकियाधीन रहेगी।

एफएलसी कार्यवाही की वेबकास्टिंग के निर्देश

कटनी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष बीएसएनएल को ईवीएम की एफएलसी कार्यवाही की वेबकास्टिंग का कार्य विभाग के माध्यम से ईवीएम वेयरहाउस में 05 कैमरा स्थापित कर कराये जाने के निर्देश दिए है। विदित हो की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होने वाली ईवीएम की एफएलसी कार्यवाही के वेब कास्टिंग दूरभाष बीएसएनएल विभाग के माध्यम से ईवीएम वेयर हाउस में 05 कैमरा स्थापित कर कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा सबंधी बैठक में दिये जानकारी

कटनी। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर कटनी में परीक्षा केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा के दौरान ऐप संचालन के संबंध में प्रशिक्षित विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर सभी को मंडल परीक्षा के निर्देशों से अवगत कराया गया।

पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए लिंक खुली

कटनी। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022- 23 के वे छात्र जो पूर्व में किसी कारणवश शैक्षणिक 2022-23 के नवीन एवं नवीनकरण आवेदन करने से वंचित रह गए उनके लिए एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर 25 जनवरी 2024 तक ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है। इसी तरह पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु 25 जनवरी से 25 फरवरी 2024 तक के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु एम.पी.टास पोर्टल पर लिंक खोली गई है। साथ ही एन.आई.सी 20 पोर्टल शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीनीकरण आवेदनों हेतु पोर्टल खोला गया है।

विधानसभा प्रश्नों के बिंदुवार उत्तर समय सीमा में करें प्रस्तुत, समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मिशन मोड में करें कार्य, गुणवत्ता की अनदेखी पर होगी वसूली की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधानसभा प्रश्नों की बिंदुवार जानकारी समय सीमा में प्रस्तुत करें, सीएम हेल्पलाइन और अन्य प्रकार की शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण आवेदकों से संवाद कर स्थल निरीक्षण के उपरांत करें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नियत समय सीमा में लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस अर्जित कर श्रमिक नियोजन में वृद्धि करें और आधार आधारित भुगतान में प्रगति लाएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ और तकनीकी अधिकारियों को दिए।

ढीमरखेड़ा की हुई सराहना

मनरेगा कार्यो की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में श्रमिक नियोजन और मानव दिवस के सृजन में लक्ष्य पूर्ति शत प्रतिशत होने पर जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने सराहना की और अन्य जनपद पंचायतों में भी लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजित करने के निर्देश दिए।

अधूरे और अपूर्ण निर्माण कार्यों में प्रगति लाने करें कार्य

जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए वर्ष 2021-22 से अब तक के 15 वित्त और मनरेगा कार्यो के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, पुष्कर धरोहर अंतर्गत निर्मित तालाबों की उपयंत्री सेक्टर वार विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अधूरे और अपूर्ण कार्यों को मिशन मोड में कार्य करते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। गुणवत्ता की अनदेखी पाई जाने पर संबंधितों से वसूली की कार्रवाई होगी।

देर शाम तक चली मैराथन समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री गौरीशंकर खटीक, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषिराज चढ़ार ,सहायक परियोजना अधिकारी विजयलक्ष्मी मरावी, मृगेंद्र सिंह, जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री,एपीओ मनरेगा और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

प्राचीन बावली हनुमान मंदिर उमरियापान में 1 फरवरी से श्रीराम महायज्ञ एवं वाल्मिकी परायण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारियाँ की जा रही है। आयोजन समिति ने बताया यज्ञाचार्य ज्ञानजी महाराज बडीपोड़ी के मार्गदर्शन में यज्ञ होगा।

1 फरवरी को कलश शोभायात्रा, 2 फरवरी पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश, 3 फरवरी को अग्नि प्राकट्य होगा। 9 फरवरी को पूर्णाहुति एवं 10 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। आयोजन समिति ने धर्मप्रिय जनता से पहुँचकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए खण्ड लेखक सम्मानित

बड़वारा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर कटनी जिले से के .पी. गोस्वामी खंड लेखक तहसील कार्यालय बड़वारा को उत्कृष्ट शासकीय सेवक के रूप में अवार्ड से पुरस्कृत किया गया एवं शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खण्ड लेखक गोस्वामी को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने पर बड़वारा तहसील के स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है एवम हर्ष व्यक्त किया है। के पी गोस्वामी के शुभचिन्तकों में हर्ष व्याप्त है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने किया केन्द्र का शुभारंभ

भाजपा का संवाद केंद्र जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा का संवाद केंद्र जनता के लिए लाभकारी योजनाओं का सेतु बनेगा विष्णुदत्त शर्मा यह विचार रविवार को कटनी में भाजपा खजुराहो लोकसभा के संवाद केंद्र का शुभारंभ करते प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने व्यक्त किये।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में हमारे बूथ की कार्ययोजना ने जिस शक्ति के साथ कार्य करते हुए सफलता प्राप्त की उससे इस व्यवस्था का मजाक उड़ाने वाले राजनीतिक दल या फिर राजनीतिक पंडितों को करारा जवाब दिया। एक बार फिर हमारे बूथ के कार्यकर्ता के समक्ष लोकसभा चुनाव की चुनौती सामने है लेकिन कार्यकर्ता की ऊर्जा उत्साह संकल्प से 51 फीसदी वोट के साथ इस चुनाव में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम इतिहास रचेंगे।

उन्होंने कहा की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 तारीख को देश के अमृतकाल की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होगा आने वाले चुनाव देश को उस परम वैभव तक ले जाने वाले चुनाव हैं।

जिला कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, जिला संगठन प्रभारी संजय साहू, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक धीरेन्द्र सिंह, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

संवाद केंद्र कॉल सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया यहां आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं से प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संवाद किया मौजूद युवक युवतियों से उन्होनें कहा कि हमारा उद्देश्य सरकारी योजनाओं का जनता को उचित लाभ समय पर प्राप्त हो और अगर नहीं हो रहा तो उसे जिम्मेदार व्यक्ति तक पहुंचाना देश और प्रदेश की सरकार की नीति रीति से आम जन को अवगत कराना मुख्य है इसके लिए सीधे केंद्रीय कार्यालय से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

जिले भर में ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले भर की ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों 24 और 25 जनवरी तथा 27 और 28 जनवरी को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। स्थाई नियुक्त नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में एजेंडा के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त ग्रामों में निर्धारित तारीखों में ग्राम सभाएं आयोजित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे ताकि ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी ग्राम सभाओं में हो सके। इसके लिए मुनादी कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया था।

श्रम अधिकारी की गतिविधियों के विरुद्ध बीएमएस ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के कारखानों में आये दिन हो रही मज़दूरों की मौतें, घटनाएँ और श्रम कानूनों के सरेआम उल्लघंन के बाद भी श्रम विभाग की उदासीनता को लेकर भारतीय मज़दूर संघ ने साँसद विष्णुदत्त शर्मा को ज्ञापन सौंपा। लेबर यूनियनों के गठन के खिलाफ भी श्रम अधिकारी की कारखानों के प्रबंधन से अच्छी खासी साँठगाँठ होने का भी आरोप संघ के अधिकारियों ने लगाया है।

भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि विगत बीस दिन से भी अधिक समय बीतने के बाद भी लेबर अधिकारी के बी मिश्रा ने बड़वारा तहसील की अल्ट्राटेक और जे के प्लांट की लेबर यूनियनों के वेरिफिकेशन को होल्ड कर रखा है। जबकि इन दोनों यूनियनों के वेरिफिकेशन को शीघ्र करवाने का आदेश पंजीयक कार्यालय भोपाल से जारी किया जा चुका है। वेरिफिकेशन के लिए दोनों ही फैक्टरियों के कर्मचारी कई बार लेबर आफिसर से संपर्क कर चुके हैं किन्तु श्रम अधिकारी की उदासीनता के चलते यह काम ठंडे बस्ते में पड़ा है जिससे साफ जाहिर है कि जिला श्रम अधिकारी का झुकाव आखिर किस ओर अधिक है। वेरिफिकेशन के कार्य शीघ्र नहीं होने की स्थिति में बीएमएस के पदाधिकारियों ने श्रम अधिकारी के विरुद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन के दौरान संघ के प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 29 फरवरी तक चलेगा राजस्व महा अभियान

राजस्व महाअभियान प्रगति की समीक्षा हेतु विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण करने के मकसद से विगत 15 जनवरी से आगामी 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है।

जिले में आयोजित राजस्व महाअभियान के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति की समीक्षा हेतु शनिवार को अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा तहसील कटनी नगर के ग्राम मझगवां पहुंचकर राजस्व महा-अभियान की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बी-1 वाचन कराया जाकर मौके पर ग्रामवासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनते हुए निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए गया।

पटवारी को बी-1 वाचन के दिए निर्देश

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा ग्राम कैलवारा खुर्द, पहरुआ , मझंगवा फाटक तहसील कटनी में राजस्व महा अभियान के तहत बी 1 वाचन का निरीक्षण किया गया। जिसमे ग्राम पहरूआ एवम मझगवा में बी 1 वाचन पटवारी के द्वारा किया जाना नही पाए जाने पर तत्काल बी 1 वाचन के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं से अवगत होते हुए उपस्थित अधिकारियों को शासन मंशानुरूप ग्रामों में शिविर का आयोजन कर नागरिकों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार एवम राजस्व निरीक्षक कटनी नगर उपस्थित रहे।

पंचायत कार्यालयों, विद्यालयों, शासकीय दफ्तरों में लहराया तिरंगा

सिलौड़ी क्षेत्र में जगह जगह ध्वजारोहण कर दी गई सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिलौड़ी नगर समेत समूचे ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लाष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत खम्हरिया बागरी में सरपंच अनिल बागरी ,कछार गांव बड़ा में कैलाश चन्द्र जैन , अतरसूमा में सुशील परस्ते ,शासकीय महाविद्यालय सिलौडी प्राचार्य रतिराम अहिरवार ,पुलिस चौकी में प्रभारी सीताराम बागरी ने ध्वजारोहण किया । सिलौड़ी नगर में स्थित समस्त शासकीय अशासकीय कार्यालयों में देश की शान गर्व का प्रतीक राष्ट्र ध्वज फहराया गया। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने ध्वजारोहण किया

जय स्तम्भ में समाजसेवी रजनीकांत राय ,शंकर लाल राय ,सतेंद्र राय ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय ,मोती हल्दकार ,रिटायर्ड फौजी कमलेश राय ,दुखी लाल हल्दकार ,राजनारायण राय ,रजनीश सोनी ,विजय तिवारी सहित स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी की विशेष उपस्थित रही।

ग्राम पंचायत सिलौड़ी

ग्राम के सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया गया । इस अवसर पर सचिव कुंज बीचपूर्व उपसरपंच प्रहलाद सेन ,कमलेश हल्दकार ,पंच पुनीत सेन ,पंच श्यामदत्त राय ,पंच राजेश राय ,पंच लक्ष्मी परमानंद हल्दकार ,पंच शांति रामफाल ,पंच अंजू संतोष वंशकार की उपस्थिति रही ।

सिलौडी के कछियाना मोहल्ले की आंगनवाड़ी में उपसरपंच राहुल राय ने ध्वजारोहण किया । सिलौड़ी के वार्ड 5 भारत नगर में उपसरपंच राहुल राय ,पंच अंजू संतोष वंशकार ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर रोजगार सहायक अमरीश राय ,पंच राजेश राय ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना महोबिया की उपस्थिति रही ।

लिटिल मिलेनियम स्कूल

लिटिल मिलेनियम स्कूल में डायरेक्टर समाजसेवी पंकज राय, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने किया । नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत बहुत सुंदर प्रस्तुति से मन मोह लिया ।

संकुल केंद्र सिलौड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र सिलौड़ी में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम ध्वज वंदन कर ध्वज की सलामी ली गई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय गीत व देश भक्ति के गीतों की मनमोहनी प्रस्तुती पेश की जिसे उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा सराहा गया। छात्र छात्राओं को उपहार प्रदान किये गए।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशान्त राय , जनपद सदस्य प्रतिनिधि रवि अवस्थी , मोती हल्दकार ,पूर्व उपसरपंच बालमुकुंद चौबे ,पंच शिवकुमार पटेल ,प्राचार्य योगेश सिंह ,राजेन्द्र बागरी , रवि राय सहित विद्यालय का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक संतोष कुमार बर्मन ने किया। उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

दादर सिंहुंडी एवं घाना में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविवार को जिल में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत दादर सिंहुडी एवं घाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की गई।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। प्रचार रथ से प्रधानमंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

रोजगार के अभाव में बी.पी.एड और एम.पी.एड प्रशिक्षित छात्र हो गये बेरोजगार

प्रदेश के शासकीय स्कूल खेल प्रशिक्षकों से वंचित

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेष में ऐसे सैंकड़ो माध्यमिक शालाओं के साथ ही हाई स्कूल और हायर सेकेन्ड्री स्कूलों में व्यायाम निर्देषक (खेल कोचों) के पद खाली पड़े है जिसके लिए शासन-प्रषासन के साथ ही स्कूल षिक्षा विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है फल स्वरूप खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए जिन बी.पी.एड और एम.पी.एड प्रषिक्षकों की आवष्यकता होती है, वे अपनी डिग्री हांहिल कर बेरोजगार घूम रहे हैं। जब शालाओं में व्यायाम निर्देषक ही नहीं रहेंगे तो फिर स्कूलों से खेल प्रतिभांए कैसे आगे आंयेगी और कैसे मध्य प्रदेष स्कूल स्तर पर खेल प्रदर्षन को सुधार पाएगा। यही वजह है कि मध्य प्रदेष अन्य प्रदेषों की अपेक्षा खेलों में पिछड़ता जा रहा है। जिससे खेल प्रेमियों में रोष व्याप्त है।संघ आगे बताया कि प्रदेश के लगभग 70 प्रतिशत स्कूल खेल प्रशिक्षकों के अभाव में चल रहे हैं जहां एक ओर स्कूल स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी नहीं निकल पा रहे वहीं प्रदेष में सैंकड़ो ऐसे छात्र जिन्होने बी.पी.एड एवं एम.पी.एड की डिग्री हांसिल

की है वो नौकरी की तलाष में बेरोजगार यहां वहां भटकने मजबूर हैं वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेष शासन द्वारा षिक्षा विभाग में षिक्षकों की विषयवार नई नियुक्ति तो की जा रही है परंतु खेल विद्याओं की अनदेखी की जा रही है इसलिए डिग्री प्राप्त खिलाड़ी बेरोजगार घूमने मजबूर हैं वहीं स्कूल स्तर पर खेल प्रतिभाएं भी नहीं निकल पा रही हैं फलस्वरूप अन्य प्रदेषों की अपेक्षा मध्य प्रदेष विभिन्न खेलों में पिछड़ते जा रहा है। जबकि स्कूल समय विभाग चक्र में खेल प्रत्येक दिन खेल का पीरियड होता है किन्तु बिना व्यायाम निर्देषकों के बच्चे मैदान में यहां वहां घूमते नजर आते है।संघ ने बताया कि स्कूल स्तर पर सबजूनियर, जूनियर और सीनियर तीन ग्रूपों में प्रतिस्पर्धाएं होती हैं अर्थात सबजूनियर बच्चे माध्यमिक शालाओं से, जूनियर बच्चे हाई स्कूल से और सीनियर केटेगिरी के बच्चे हायर सेकेन्ड्री स्कूलों से निकलते हैं अर्थात माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेन्ड्री स्कूलों में तीनों स्तरों पर खेल प्रषिक्षक की आवष्यकता है परंतु प्रदेष में 70 प्रतिषत स्कूलों में खेल प्रषिक्षक नहीं हैं अर्थात पद खाली पड़े हैं और जो पहले से पदस्थ हैं वे सभी धीरे धीरे सेवानिवृत्त हो रहे है। ऐसे में प्रदेष शासन और स्कूल षिक्षा विभाग को इस ओर कदम बड़ाना चाहिए और स्कूलों में व्यायाम निर्देषकों की नई भर्ती की जाना चाहिए जिससे डिग्री प्राप्त छात्रों को रोजगार मिलेगा और विद्यार्थियों को प्रषिक्षक जिससे खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आएंगी एवं प्रदेष का नाम रोषन करेंगी। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेष श्रीवास, दिनेष गौंड़, स्टेनली नॉबर्ट, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजकुमार यादव, ओम प्रकाष झारिया, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, कुलदीप सिंह, ओंकार दुबे, शषि रमन स्वामी, तेजभान सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेष के शासकीय स्कूलों में व्यायाम निर्देशकों की नई नियुक्ति की जाए।

खेल प्रतिभाओं का किया सम्मान

जबलपुर। मध्य प्रदेश सिंचाई विभाग स्पोर्ट्स क्लब भोपाल के तत्वाधान में 32वीं खेल प्रतियोगिता ग्वालियर जोन के अंतर्गत शिवपुरी में आयोजित की गई जिसमे जबलपुर संभाग की तमाम टीमों ने हिस्सा लिया और फुटबॉल, बैडमिंटन पुरुष,महिला, लॉन टेनिस,कैरम तथा रेस में विजय हासिल की जिसके उपलक्ष में रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के मुख्य अभियंता श्री डी एल वर्मा एवं कार्यपालन यंत्री श्री एम के ढिमोले साहब ने खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह तथा पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जिससे सारे खिलाडियों में खुशी का माहौल था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्य अभियंता डी एस ठाकुर, विनोद झसिया, श्री शरफ, चंदू जाउलकर, चौरसिया, कोष्टी, श्री बीनू ने देशभक्ति गीतों से समा बांध दिया। संरक्षक प्रवीण शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पी के जैन,श वी एस बघेल, एस के शर्मा, धनराज सिंह, अलावा, श्री डोनेरिया, श्री संदीप, श्रीमती संगीता उपस्थित रहे, अध्यक्ष श्री शक्ति ठाकरे ने बताया पहली बार जबलपुर ने अधिक खेलो में विजय हासिल कर नया इतिहास रचते हुए चैंपियन ट्राफी अपने नाम की, साथ ही 33 वी खेल प्रतियोगिता जबलपुर में आयोजित होगी जिसके लिए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सहयोग की अपेक्षा की।खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन में अजय, अनिल, उमेश, वानखेड़े, तरुण, मनोज प्रकाश, आशीष ने तारीफ की। एस एन अहिरवार, राजेश, ऋषिवर, मनीष, भूपेंद्र, ब्रजेश एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा शक्ति ठाकरे को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कुबेर मंदिर को संरक्षित करने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। ग्राम पंचायत पड़ुआ जनपद पंचायत जबलपुर के पोंषक ग्राम जमुनिया में कल्चुरी राज्य 14 शताब्दी में स्थापित भगवान कुबेर के मंदिर को पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षण में लिए जाने सरपंच वर्षा शिव पटेल ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नाम ज्ञापन सौंपा। बताया गया भगवान कुबेर का मंदिर पूरे विश्व में अलग, अदभुत, आलौकिक और अकल्पनीय है यहां पर अनेक भव्य प्रतिमाएं हैं जो कि बंधक के रूप में स्थापित हैं, यहां एक बावली भी है, उक्त मंदिर का प्रचार प्रसार नहीं होने से इसे प्रसिद्धि नहीं मिली, वहीं देख-रेख नहीं होने से मूर्तियां चोरी होने की आशंका बनी रहती है। अतः उक्त मंदिर को पुरातत्व विभाग की रक्षा सुरक्षा में विभाग द्वारा संरक्षण में लिया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भारतीय संस्कृति से परिचित रहें और विद्यार्थी शोध कर सकें। मंदिर के संरक्षण तथा देखरेख, प्रचार प्रसार से इस क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार के नए-नए अवसर प्राप्त होंगे तथा धार्मिक आस्था का केन्द्र बनकर स्थापित होगा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में प्रमुख भूमिका रहेगी। मंत्री श्री लोधी से मंदिर को पुरातत्व विभाग के संरक्षण में देने निवेदन किया गया है।

नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता शपथ एवं रैली से जगाई स्वच्छता की अलख

जबलपुर। नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की आई. ई. सी. टीम एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सदस्य आशा देवी जिला पंचायत सदस्य मुकेश गोटिया,जवाली कॉलेज के प्रबंधक राजभान सिंह, डॉक्टर सूची चतुर्वेदी, प्रिंसिपल सविता सिंह, विद्यालय संचालक राजेश सिंह की उपस्थिति में कृष्णा पब्लिक स्कूल गौर खमरिया के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें सभी नागरिकों को यह समझाइश दी गई की जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा प्रथक्करण, कचरा नाली और परिसर मे ना फेके न किसी को फेकने दें सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथिन का उपयोग न करें और अपने आस पास के वातावरण में साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों मे सहयोग के लिए अपील जारी की गई एवं सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

जन जागरण मोहल्ला समिति ने किया ध्वजारोहण

जबलपुर। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जन जागरण मोहल्ला समिति गुजराती मोहल्ला गोरखपुर के तत्वावधान में मोहल्ले के वरिष्ठ सदस्य श्री संतोष ठाकुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सचिव सुरेश पांडे, प्रकाश पटेल, प्रवीण चावला, ज्योतिषाचार्य श्रीमती पूर्णिमा पांडे, सिया रानी सोंधिया, नीरू चावड़ा, प्रवीण चावड़ा, आशीष सेठी, चारु शुक्ला, विनय परमार, लखन सोंधिया, सुरेंद्र परमार और मोहल्ले के गणमान्य नागरिक की विशेष उपस्थिति रही।

राष्ट्रभक्ति विस्थापित जन कल्याण शिक्षा संस्थान ने किया ध्वजारोहण

जबलपुर। राष्ट्रभक्ति विस्थापित जन कल्याण शिक्षा संस्थान द्वारा 26 जनवरी पर जिला मंडला कटरा ग्राम ओम मॉडल स्कूल में ध्वजारोहण किया गया एवं सांस्कृतिक गीतों में बच्चों द्वारा कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान गोंडी भाषाओं में नृत्य एवं गान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके, मंत्री पीएचई विभाग मप्र शासन की उपस्थिति रही। समिति अध्यक्ष सुशील जसेले ने बताया कि इस दौरान नेमवती कुड़ापे भाजपा महिला मोर्चा संगठन मंत्री एवं पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थी। साथ ही सुश्री जमना उइके पैरा एथलेटिक्स नेशनल चैम्पियन, विनोद कछवाहा नगर पालिका जिला मंडला, विजय सर्वटे, द्वारका साहू, आनंद यादव, राखेन्द्र पहलवान, प्रमोद तिवारी, मानसिंह तोमर, समिति की पदाधिकारी महिलाएं, स्कूल के प्रधानाचार्य सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक एवं राम भक्तों का अयोध्या में विराजे बालक प्रभुराम का छायाचित्र देकर किया सम्मानित

जबलपुर। कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश कोषाध्यक्ष सी,ए, अखिलेश जैन पूर्व विधायक विनय सक्सेना एमआईसी सदस्य अमरीश मिश्रा क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक तथा राम भक्त कार्य सेवकों को भगवान राम का छायाचित्र अयोध्या जीराम, देकर सम्मानित किया गया बच्चों द्वारा साहित्यिक रचना प्रस्तुत की गई इस अवसर पर

मुख्य अतिथि द्वारा देश धर्म व,संस्कृति राष्ट्र प्रगति की ओर है भारत नई युग की ओर हर कदम आगे बढ़ रहा है आज दुनिया हमारी संस्कृति से कुछ ना कुछ सीख रही है भारत विश्व गुरु है विश्व गुरु था विश्व गुरु रहेगा संघ के अध्यक्ष धनंजय वाजपेई ने कहा यह अवसर हमें जो मिला है उसको हर कीमत में युगों युगों तक हमें स्थापित करना चाहिए राम हमारे है राम सबके है हमारी संस्कृति का मूल मंत्र अन्य वक्ताओं ने भी गणतंत्र एवं संस्कृति पर ध्यान आकर्षित किया कार्यक्रम में उपस्थित धनंजय बाजपेई विनय शर्मा अखिलेश मेहता हीरालाल शर्मा राकेश चक्रवर्ती गोपाल तिवारी रावेंद्र तिवारीडॉक्टर अरुण मिश्रा आर एस पांडे रूप किशोर प्यासी संध्या दुबे रूप लाल पटेल रंजीत पटेल योगेश बिलोहा रमेश दीक्षित आरके जैन रितेश पांडे शरद सिंघाई बृजेश केसरवानी रमेश कोहली राजा खंडेलवाल आदि को सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह आज

जबलपुर। मयूर मेमोरियल ट्रस्ट संस्था के संस्थापक गोविंद बिसेन ने बताया कि 29 जनवरी को तिघरा खमरिया कम्बोज पैलेस में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, केंट विधायक अशोक रोहाणी, जगतगुरु देवाचार्य और जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना आमंत्रित हैं, जो समाज सेवियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। संस्था के विक्रम सिंह कंबोज, प्रमिला बिसेन, गीता कुशवाहा, आशा जायसवाल, शालिनी झारिया, पूजा रजक, सन्नो लोधी ने सम्मान समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

गढ़ाफाटक में भी किया गया ध्वजारोहण

जबलपुर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ पर गढ़ाफाटक श्री बृहद माता महाकाली मंदिर के पास ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों का तिलक वंदन कर श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया एवं मातशक्तियों को साड़ियां भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही पुलिस प्रशासन के निर्भीक सिपाहियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक बबलू शरद नामदेव कार्यक्रम में महन्त योगी राजेश महाराज, श्रीमंत राजेश दास महाराज, आचार्य देवेंद्र पोद्दार, महापौर जगत बहादूर अन्नू भैया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता

प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाली, पूर्व नगर क्रांगेस अध्यक्ष दिनेश यादव की अल्लेलाल जैन, विजय जायसवाल, नरेश सिंह ठाकुर, सतेन्द्र शर्मा, पार्षद हर्षित यादव, नामदेव समाज अध्यक्ष अशोक नामदेव, अवध बिहारी, रामेश्वर साहू, आलोक पाठक, रविंद्र चौबे, शैलेंद्र पारे, गुड्डू गुप्ता,शिवकुमार गुप्ता, संजय सेराफ, कुईया बाई, सीमा पचौरी,सीमा तिवारी, मोना श्रीवास्तव, नीलम केवट, नीतू साहू, सहित सैकड़ों की तादाद में देशभक्त उपस्थित थे।

कमला नेहरू नगर वार्ड में मनाया गया गणतंत्र दिवस

जबलपुर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस हमारे जयनगर पार्क कमला नेहरू नगर वार्ड में बड़े धूमधाम से मनाया गया विशेष कर हमारे युवा साथी जिन्होंने अथक परिश्रम करके पूरे पार्क को तिरंगामई कर दिया था मातृशक्ति, श्रीमती प्रीति अग्रवाल का बेहतर संचालन, योग साधक श्रीमती उर्मिला चौहान, रचना सिंह, श्रीमती प्रधान रेखा शुक्ला, एनडी प्रधान ,नेहा गुप्ता, श्रीमती राजुल जैन, श्रीमती अरुणा शर्मा के देशभक्ति पूर्ण गायन ने शमा बांध दिया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव रंजीत पटेल एवं जयनगर विकास परिषद के अध्यक्ष शरद सप्रे न्यायमूर्ति श्री आरके गुप्ता करनाल डॉक्टर अरुण जैन विष्णु ताम्रकार बीबी तिवारी जितेंद्र एवं राजू भाई राजेश पटेल नीरज ताम्रकार भारत विश्वकर्मा और तमाम गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालित कर रहे आलोक जैन एवं रवि शर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

सनाढ्य कल्याण परिषद ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में क्रियाशील प्रगतिशील संगठन सनाढ्य कल्याण परिषद द्वारा एक बार पुनः जनवरी माह सनाढ्य समाज की उन प्रतिभाओ को जिन्होंने अपने परिवार,क्षेत्र प्रदेश के साथ साथ समाज को भी गौरवान्वित किया हे ऐसी विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओ को प्रोत्साहन स्वरूप सम्माननीत किया साथ ही सनाढ्य ब्रह्मण समाज के उन वरिष्ठ अनुभवी उम्रदराज व्यक्तिवो का भी अभिनन्दन किया जिन्होंने अपने जीवन के 74 बसंत पार कर 75 वे बसंत मे प्रवेश कर लिया और जिनका समाज मे अनुकरणीय योगदान रहा हो उन समाज की धरोहरो का भी अभिनन्दन किया।वही ऐसे जोड़े जिन्होंने वैवाहिक जीवन के दाम्पत्य जीवन के 50 वर्ष पूर्ण या प्रवेश किया हो ऐसे दम्पतियों का भी सामूहिक अभिनन्दन परिषद ने 28 जनवरी को होने वाले भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम के दौरान किया। अभिनन्दन कार्यक्रम के साथ हि सनाढ्य कल्याण परिषद

पदाधिकारी,महिला प्रोकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, सनाढ्य कल्याण परिषद के सभी आजीवन सदस्य, पदाधिकारी, सनाढ्य कल्याण परिषद सांस्कृतिक प्रोकोष्ठ के सभी पदाधिकारी, एवं सनाढ्य समाज के सभी आमंत्रित सामाजिक व्यक्तित्व सपरिवार ने एक साथ सामूहिक भोज मे सम्मलित हुए। इसी दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पंडित अरुण शर्मा जी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि पंडित बालगोविन्द शास्त्री रहे जबकि डॉ पवन स्थापक, के डी पचौरी, अशोक बिलथरिया मंचसीन रहे।परिषद के महासचिव पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने बताया की सर्व सम्मती से संस्कारधानी के सनाढ्य ब्रह्मणों समाज की प्रतिभाओ को जिन्होंने अपने परिवार, क्षेत्र प्रदेश के साथ साथ समाज को भी गौरवान्वित किया हे,सनाढ्य ब्रह्मण समाज के वरिष्ठ अनुभवी उम्रदराज व्यक्तिव जिन्होंने अपने जीवन के 74 बसंत पार कर 75 वे बसंत मे प्रवेश कर लिया उनमे श्रीमती गीता नागाइच एवं पंडित लक्ष्मी नारायण चंसोरिया को विशिष्टय व्यक्तित्व अलंकरण से और जिन्होंने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण या प्रवेश किया हो ऐसे दम्पतियों जिनमे पंडित छबि लाल शर्मा श्रीमती देवकी शर्मा ,पंडित रामकुमार व्यास श्रीमती राजकुमारी व्यास ,पंडित ए के चाचोदीया श्रीमती कुसुम ,डॉ मदन गोपाल गोस्वामी श्रीमती कमला गोस्वामी , रवि शंकर स्वामी श्रीमती शकुन स्वामी, पंडित सीताराम कुरचानिया श्रीमती मुन्नी देवी कुरचानिया को दाम्पत्य श्री अलंकरण से सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद सनाढ्य कल्याण परिषद के समस्त पदाधिकारी,परिषद के सभी आजीवन सदस्य,सनाढ्य कल्याण परिषद की महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं समाज के अन्य संगठनों के आमंत्रित सामाजिक व्यक्तित्व एक साथ मिलकर 28 जनवरी को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेगे एवं शुकुन के साथ शुकुन रिसोर्ट में आयोजित सहभोज मे सम्मलित हुए कार्यक्रम का गरिमामयी संचालन पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने किया।

शासकीय कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार द्वारा सुरू की गयी कैशलैस मेडिक्लेम सुविधा का लाभ न मिलने से कर्मचारियों ने फिर सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ देने के लिए वित्त विभाग को मेडिकल राशि का निर्धारण करना था, परंतु इस विषय पर सरकार की मोहर नहीं लग पाई और कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। संघ ने आगे बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए शासन स्तर पर कैशलैस मेडिक्लेम की सुविधा के संबध में अभी तक किसी भी प्रकार के आदेष जारी नहीं हुए हैं जिसकी वजह से गंभीर बीमारियों से पीड़ति कर्मचारी पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करवा पा रहे है। संघ ने आगे बताया कि प्रदेश के कई कर्मचारी गंभीर बीमारियों के चलते जैसे हार्ट, किडनी, शुगर, केंसर, लकवा और भी कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होकर अपना इलाज प्रायवेट हॉस्पिटल में कराने मजबूर हैं कर्मचारियों ने कैशलैस उपचार योजना के अभाव के कारण अपना जी.पी.एफ का पैसा और पास में जोड़ा हुआ पूरा पैसा लगाने के बाद भी कमी पड़ने की वजह से साहूकारों से कर्ज लेकर अपना इलाज करवाते है क्योंकि इन गंभीर बीमारियों का इलाज बहोत मंहगा होता है और इन सभी बीमारियों के लिए लाखों रूपये खर्च होते हैं जिसकी वजह से प्रदेष के कर्मचारी कर्ज लेने मजबूर हो जाते हैं। जबकि कैषलेस मेडिकल इंष्योरेंस एक ऐसी पॉलिसी है, जिसमें पॉलिसी धारक को इलाज के लिए नगद भुगतान नहीं करना पड़ता है। बिलों के निपटारे के लिए अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच सीधे ध्यान रखा जाता है जबकि प्रदेष सरकार ने यह घोषणा की थी।

नाम सुधार सूचना

मैं प्रतीक घोष आयु 26 वर्ष पिता श्री मुकुल कुमार घोष निवासी- 1515, जय नगर यादव कालोनी, जबलपुर (म.प्र.) यह कि मैंने नये पासपोर्ट के लिए आवेदन किया है, पासपोर्ट में लगाये गये दस्तावेज हाईस्कूल अंकसूची जिसमें मेरा नाम प्रतीक कुमार घोष (Pratik Kumar Ghosh) दर्ज हैं। जो गलत दर्ज हो गया है। मेरे सभी दस्तावेज आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर आई डी, ड्रायविंग लायसेंस में प्रतीक घोष दर्ज है जो सही नाम है। मुझे अब प्रतीक घोष के नाम से जाना व पहचाना जाता है।

सही नाम- प्रतीक घोष

गलत नाम- प्रतीक कुमार घोष